हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 23 अगस्त 2024



12 पट्टा व पीएम आवास की मांग पर अपर कलेक्टर व एसडीएम ...



11 पर्यावरण पार्क में कलेक्टर-एसपी के साथ जनप्रतिनिधियों ने लगाए...






2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
98062 87706
Website : ssscn.ac.in


## स्कूल व आंगनबाड़ी भवन निर्माण की हो जांच : युकां



**बालोद।** जर्जर स्कूल एवं आंगनबाड़ी की मरम्मत में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने इसकी जांच की मांग की है। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत बाला बोकड़े ने अपर कलेक्टर से मुलाकात कर इससे जुड़े अधिकारी एवं ठेकेदारों के खिलाफ जांच समिति बना कर कार्रवाई की मांग की। प्रशांत बोकड़े ने कहा कि भ्रष्टाचार व लापरवाही के कारण बच्चों की जान जोखिम में पड़ रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 2 साल में हुए मरम्मत कार्य की जांच करवाई जाए और डौंडीलोहारा के ग्राम कोरगुड़ा में अचानक हुई दुर्घटना से पीड़ित बच्चों के परिवार को जल्द से जल्द 50-50 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान जाए। इस दौरान आदित्य दुबे, शहर अध्यक्ष युवा कांग्रेस साजन पटेल, हिमांशु सोनी, अजहर तिगाला, आयुष सिंह, सुनील सोनकर शामिल रहे।

सियासत : भिलाई विधायक की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस ने ली प्रेसवार्ता, लगाए आरोप

# विधायक देवेंद्र न प्रदर्शन में शामिल हुए, न भाषण दिया, जबर्दस्ती किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बलौदाबाजार जिले में संयुक्त जिला कार्यालय व पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हुए उपद्रव और आगजनी की घटना के बाद भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में जिले के तीनों विधायकों ने गुरुवार को प्रेसवार्ता ली। प्रेसवार्ता में उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार पर सामाजिक लोगों को लड़ाने का आरोप लगाते हुए बेकसूर लोगों पर कार्रवाई कर अपनी नाकामी छुपाने का आरोप लगाया।

- विधायक अनिला ने कहा- सरकार अपनी नाकामी छुपाने विपक्ष को कर रही परेशान

विधायक अनिला भेड़िया ने कहा कि बलौदाबाजार घटना में जिनका दूर-दूर तक कोई नाता नहीं है, उन्हें जबर्दस्ती जेल में डाला गया है। उन्होंने 24 अगस्त को जिला स्तर पर प्रदर्शन करने की बात कही। अनिला भेड़िया ने कहा कि बलौदाबाजार के मामले में साय सरकार अपनी नाकामी और पूरे देश में हुई बदनामी को छुपाने के लिए विपक्ष के नेताओं को परेशान कर रही है। कांग्रेस के विधायक देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी भाजपा की बौखलाहट को दर्शाता है। यह विपक्ष को बदनाम करने की साजिश है। विधायक देवेन्द्र यादव ने बलौदाबाजार में न तो भाषण दिया और न ही कलेक्टर ऑफिस प्रदर्शन में शामिल हुए। श्रीमती भेड़िया ने कहा कि श्री यादव भीड़ में पांच मिनट रुक कर वापस आ गये थे। कहीं भी किसी हिंसक घटना में उनकी संलिप्तता का कोई भी साक्ष्य नहीं है और न ही वे किसी भी प्रकार की घटना में शामिल थे। पुलिस ने उनको गलत तरीके से गिरफ्तार किया है।



**न्याय संगत कार्रवाई हो:** विधायक अनिला भेड़िया ने कहा कि सरकार व पुलिस बताए कि किन भाजपा नेताओं को नोटिस दिया और किस-किस से पूछताछ की गई। उन्होंने कहा कि न्याय संगत कार्रवाई होनी चाहिये। भाजपा सरकार का चरित्र और व्यवहार 8 माह में ही अलोकतांत्रिक हो गया है। पत्रकारों को गलत तरीके से फंसाने उनकी गाड़ी में गांजा रखा जाता है। विपक्ष के विधायक को झूठे मुकदमे में फंसा कर गिरफ्तार किया गया। बलौदाबाजार के मामले में सतनामी समाज और कांग्रेस के लोगों को चिन्हांकित करके उनको जेलो में डाला गया।

### सीबीआई जांच की मांग पहले ही मान ली जाती तो नहीं होती घटना

विधायक अनिला भेड़िया ने कहा कि बलौदाबाजार में हुई आगजनी की भयावह घटना शासन प्रशासन की बड़ी लापरवाही व सरकार की इंटेलीजेंस के फैल हो जाने के कारण हुई। समय रहते सरकार व प्रशासन सचेत हो जाता व समाज द्वारा सीबीआई जांच की मांग को पूर्व में ही मान लिया जाता, तो प्रदेश को शर्मसार करने वाली घटना से बचा जा सकता था। प्रेसवार्ता में बालोद विधायक संगीता सिन्हा, गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, जिला अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर, ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी सहित अन्य कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सड़क पर बैठे मवेशियों से टकराकर भूसा गाड़ी की चपेट में आया युवक, मौत



हरिभूमि न्यूज. गुण्डरदेही/कलंगपुर

रनचिरई थाना अंतर्गत ग्राम फुंडा बोरगहन चौक के पास हुई एक सड़क दुर्घटना में 21 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना गुरुवार की सुबह साढ़े पांच बजे की बताई जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ओटेबंद निवासी युवक जिज्ञांशु चंद्राकर पिता खेमन चन्द्राकर 21 वर्ष जगदलपुर के नगरनार प्लांट में काम करता था। वह रक्षाबंधन में घर आया था, त्यौहार मनाने के बाद युवक गुरुवार को सुबह अपनी बाइक से जगदलपुर जा रहा था। इस बीच फुंडा बोरगहन चौक के पास एक भूसा गाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। बता दें कि जिज्ञांशू गुरुवार ▶▶| शेष पेज 11 पर

- रनचिरई थाना क्षेत्र के ग्राम फुंडा बोरगहन चौक के पास हुई दुर्घटना

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना

घटना की डिटेल आसपास के दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में दिख रही है। वहां पर कैसे बाइक चालक युवक किस तरह भूसे से भरी गाड़ी की चपेट में आया। उसके बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। हालांकि रनचिरई पुलिस सीसीटीवी फुटेज के सहारे फरार आरोपी ट्रक चालक को पकड़ने का प्रयास कर रही है। भूसा से भरा ट्रक आस पास का ही बताया जा रहा है। ज्ञात हो कि इस मार्ग मे आवारा मवेशी के कारण यहां आए दिन दुर्घटना होती रहती है। इससे पहले भी कई दुर्घटनाओं में जान-माल की हानि हो चुकी है।

# धान के पौधों को मिलेगी संजीवनी, दो बांधों से छोड़ा गया पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के किसानों द्वारा सिंचाई के लिए जलाशय से पानी की मांग लगातार की जा रही थी। किसानों की समस्या और उनकी मांगों को विधायकों ने प्रमुखता से लिया और उनकी पहल पर गुरूवार को क्षेत्र के किसानों के लिए दो प्रमुख जलाशयों से सिंचाई के लिए पानी छोड़ा गया। उल्लेखनीय है कि इन दिनों बारिश नहीं होने के कारण खेतों में पानी की कमी नजर आने लगी है और खेत सूखने के कारण किसान परेशान थे। इस समस्या को ध्यान में रखकर गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कलेक्टर को पत्र लिखकर सिंचाई के लिए पानी देने की मांग की थी। उनकी मांग के आधार पर कलेक्टर कार्यालय में गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा, कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल और सम्बंधित विभाग के अधिकारी के साथ मीटिंग कर दो प्रमुख जलाशयों से सिंचाई के लिए पानी छोड़ने पर सहमति बनी।


- विधायकों की स्थिति में खोले गए तांदुला और खरखरा जलाशय के गेट

उसके बाद तांदुला और खरखरा जलाशय ▶▶| शेष पेज 11 पर


हरिभूमि
पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100



ISBM UNIVERSITY
KNOWLEDGE • WISDOM • HUMANITY
University Grant Commission | Association of Indian Universities | CG PURC | All Indian Council of Technical Education | BAR Council of India | Pharmacy Council of India
In Collaboration with
RUSHFORD BUSINESS SCHOOL | INDIANATECH | HENRY HARVIN | SSBM
Association Partner
IIT KHARAGPUR
Associate Training, Learning & Knowledge Partner
Microsoft | MIBIZ CyberForensics | VRIZE | CYBERMOTION | IBM | DigiToad Technologies | QSpiders | NASSCOM FOUNDATION | CIALFOR | DIRACERP | Datagami "Lead Digital Technology" | CODE NICELY | NSDC National Skill Development Corporation Transforming the skill landscape | EC-COUNCIL ACADEMIA PARTNER | Pepcoding | Techment Agility. Simplicity. Innovation | feasible | tcs iON
Incubation Center
WISE SNDTWU INCUBATION CENTER
iHub Anubhuti-IIITD Foundation
isbmuniversity
isbm_university
ISBM_university
www.isbmuniversity.edu.in
Admission open 2024-25
Apply Now
Advanced Specialization Programmes
▶ Artificial Intelligence (AI),
▶ Machine Learning (ML),
▶ Full Stack Development,
▶ Internet of Things (IoT),
▶ Cyber Security,
▶ UI/UX,
▶ Digital Marketing,
▶ Data Science,
▶ Business Analytics,
PHARMACY
D-Pharma | B-Pharma | M-Pharma | Ph.D
LAW
LLB | LLM | BBA-LLB | BA-LLB | Ph.D |
MANAGEMENT
BBA | MBA | EMBA | DBA | PGDBA | Ph.D |
BBA (Industry Integrated) |
MBA (Industry Integrated)
DESIGN
Diploma | B.Sc (Hons) | M.Sc (Fashion , Interior)
INFORMATION & TECHNOLOGY
DCA | PGDCA | BCA | MCA | Ph.D |
BCA (Industry Integrated)
LIBRARY & INFORMATION SCIENCE
B.lib | M.lib | Ph.D
ENGINEERING & TECHNOLOGY
Diploma | B.Tech | M.Tech | Ph.D
B.Tech (Industry Integrated)
SCIENCE
B.Sc | B.Sc (Hons) | M.Sc | Ph.D
COMMERCE
B.Com | M.Com | Ph.D |
B.Com (Industry Integrated)
JOURNALISM & MASS COM.
Diploma | BA (Hons) | MA | Ph.D (JMC)
ARTS & HUMANTIES
BSW | MSW | BA | BA (Hons) | MA | Ph.D
YOGA & NATUROPATHY
Diploma | BA (Hons) | B.Sc (Hons) |
MA | Ph.D (Yoga/ Naturopathy)
Industry Integrated with Assured Job
MBA in Banking & Finance
City Office : Next to Radiant Way School, GE Road Behind Pt. Ravishankar Shukla University, Amanaka, Raipur, Chhattisgarh-492010
Campus : Nawapara (Kosmi), Block & Tehsil- Chhura, Gariyaband, Chhattisgarh- 493996
+91-91092-44444
+91-91093-33333



## खबर संक्षेप

### सद्भावना का भोजली पर्व धूमधाम से संपन्न

**दुर्ग।** सद्भावना छतीसगढ़ के ग्रामीण संस्कृति आयोजन का परम्परागत भोजली पर्व गौंटिया कोठार छतौना जरहागांव में धूमधाम से मनाया गया। सदभावना महिला समिति द्वारा रंग बिरंगे पोशाक में बच्चो महिलाओं ने पूजन पश्चात रैली के रूप में बनिया तालाब में विसर्जन के लिए पहुंचे। गेहूं के पौधे को लेकर प्रेम मित्रता एवं सम्मान स्वरूप छोटे उम्र के लोग बड़े बुजुर्गो को स्वर्ण भोजली को प्रतीकात्मक भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर बच्चो के बीच सद्भावना महिला संयोजिका अलका अग्रवाल के मार्गदर्शन में आशीष अग्रवाल द्वारा बच्चों को चाकलेट टॉफी प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में राजकमल कश्यप, गोलू कश्यप,नीलू हरिकांत अनुज सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

### लक्ष्य कुमार को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

**पाटन।** पाटन में निवासरत गंगाराम निषाद के पुत्र लक्ष्य कुमार निषाद जो कि पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम अखरा पाटन में अध्यनरत हैं। इन्होंने पूरे दुर्ग जिला में भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किए हैं, जिसके तहत इन्हें राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित किया गया, जो कि निषाद केवट समाज के लिए बहुत ही गौरव की बात है। इस शानदार एवं गौरवशाली उपलब्धि के लिए साथ ही केवट निषाद समाज का नाम रोशन करने वाले मेधावी छात्र लक्ष्य कुमार को दुर्ग जिला निषाद समाज संगठन के अध्यक्ष डॉक्टर घनश्याम निषाद, उपाध्यक्ष बुधारू राम निषाद, सालिक राम निषाद सहित संतोष जलतारे, वीरेंद्र निषाद, खेलावन केवट, अशोक निषाद, ओमप्रकाश निषाद, संतोषी निषाद, मलेश निषाद, देवानन्द निषाद, रामेश्वर निषाद, भोज निषाद, कुलेश्वर निषाद, भीम निषाद, सुमन निषाद, हेमलता निषाद आदि ने बधाई दी।

### प्रताड़ना से पत्नी की मौत, पति गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** दहेज की मांग को लेकर पति द्वारा प्रताड़ित किए जाने से नवविवाहिता ने आत्महत्या कर ली थी। इस मामले की जांच पड़ताल के पश्चात पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत मृतिका नवविवाहिता 5 वर्ष पूर्व ग्राम आरगांव निवासी संदीप कुमार साहू से प्रेम विवाह की थी। विवाह के एक वर्ष बाद से नवविवाहिता के पति संदीप कुमार साहू दहेज मांग को लेकर नवविवाहिता को प्रताड़ित करता था, जिस पर नवविवाहिता के परिवार वाले दहेज के रूप में आरोपी को सोना-चांदी खरीदकर दिए थे, फिर भी आरोपी पति अपनी पत्नी को अपने परिवार वालों से दहेज मांग को लेकर हमेशा प्रताड़ित करता था।

स्वयं पर आग लगा ली थी

विवाहिता पुलिस के अनुसार अपने पति के दहेज मांग की बात से प्रताड़ित होकर नवविवाहिता ने 14 अप्रैल 2024 को ग्राम आरगांव में सुबह करीब साढे 8 बजे अपने ससुराल में अपने ऊपर मिट्टी तेल डालकर आग लगा ली, जिसे आस पड़ोस के लोगों की सहायता से ईलाज हेतु कालडा बर्न सेंटर रायपुर में भर्ती किया गया।

जहां ईलाज के दौरान नवविवाहिता की मृत्यु हो गई।

# एक लाख को मिलेगी सदस्यता, 50 को जोड़ने पर बनेंगे सक्रिय सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दस साल बाद भाजपा द्वारा नए सिरे से सदस्यता अभियान का आगाज किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जनप्रनिनिधियों को पचास-पचास सदस्य जोडने टारगेट दिया गया है। जिसके बाद ही विभिन्न पदों पर जहां आसीन होगें, वहीं सक्रिया सदस्य की प्राथमिकता ले सकेगें। बहरहाल सदस्यता अभियान का आगाज शुरू किए जाने से पहले आज दुर्ग में कार्यशाला का आयोजन 22 अगस्त को किया जाएगा।

मिली जानकारी अनुसार दुर्ग जिले में भाजपा द्वारा एक लाख सदस्यों को जोडा गया था। वही प्रदेश में यह आंकडा 29 लाख है। नए सिरे से होने वाले इस अभियान में अब छोटे व बडे नेताओं को एक बार फिर सदस्यता लेनी होगी। इसके लिए जिले में 805 बूथों में यह अभियान टोली बनाकर चलाई जाएगी। पार्टी के नेताओं ने बताया कि, प्रत्येक बूथ में दो सौ सदस्य जोडने पहले ही टारगेट दिया गया है। वही जिले में जितने बूथ हैं, सदस्य भी उससे अधिक होने चाहिए। इस तरह के मापदंडों के साथ भाजपा द्वारा नए सिरे से सदस्यता अभियान चलाने की तैयारी है।

## प्राथमिक सदस्यता बाद पचास को जोड़ने पर मिलेगा सक्रिय सदस्यता का लाभ

### ऑनलाइन होगी सदस्यता की प्रक्रिया

वर्ष 2014 में पर्ची के जरिए सदस्यता ली जाती थी। लेकिन इस बार आनलाइन प्रक्रिया के जरिए सदस्यों को जोडा जाएगा। पहले मिसकाल के आधार पर सदस्य जुडते थे। जिसमें कई तकनीकि अडचने आती थी। लेकिन इस बार पार्टी ने पुराने प्रक्रिया का संसोधन करके नए पोर्टल तैयार किया गया है। जिसके जरिए सदस्यता लेने वाले को लिंक भेजा जाएगा। इस लिंक में बूथ, मंडल और जिले की पूरी जानकारी फीड है। इसके विकल्प को चुनकर फार्म फीड कर सकेगे। आनलाइन सदस्यता के बाद तत्काल आईडी भी जारी कर दिया जाएगा। पहले वैरीफिकेशन मे ही समय लग जाया करता था।




### आज कार्यशाला का होगा आयोजन

जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि, प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में हुए निर्णय अनुसार 22 अगस्त को प्रातः 11 बजे दुर्ग के जिला भाजपा कार्यालय में कार्यशाला रखी गई है। इस कार्यशाला में प्रशिक्षण देने मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव का आगमन हो रहा है। जिला सदस्यता अभियान के संयोजक राजेन्द्र कुमार पाध्ये ने बताया कि, इस कार्यशाला में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पाण्डेय, सांसद विजय बघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, दुर्ग जिले के भाजपा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, ललित चन्द्राकर, गजेंद्र यादव, ईश्वर साहू विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

## लगेगी चपत : जलगृह और गंज चौक में बनी हैं 70 से अधिक दुकानें

# तीस फीसदी छूट बंद होने से महंगी पड़ेंगी निगम की दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भले ही नगरनिगम को जलगृह काम्प्लेक्स और गंच चौक स्थित दुकानों का मालिकाना हक मिल गया है। लेकिन वर्तमान में अब इसे रजिस्ट्री कराने निगम के लिए चुनौती होगी, क्योकि पूर्व में रेट निर्धारित किए गए थे। जिसमें तीस फीसदी छूट के अनुसार रजिस्ट्री रेट तय किया गया था। लेकिन वर्तमान में रजिस्ट्री कराने पर खरीददारों को तीस फीसदी छूट के बजाय कलेक्टर दर का पूरा सौ फीसदी दर चुकाना होगा।

उल्लेखनीय हैं कि, नगरनिगम द्वारा जलगृह और गंज चौक में नजूल की जगह पर दुकान बनाए गए है। यह जमीन नजूल के नाम में होने के कारण निगम इसे बेच नही पा रहा था। लेकिन वर्तमान में कलेक्टर ने इसकी अनुमति दे दी है। इस अनुमति के बाद निगम दुकानों की नीलाम कर सकेगा। अफसरों ने बताया कि, दोनो जगह करीब 70 दुकाने बनी है। इसे बेचने का सिलसिला वर्ष 2018 से चल रहा है। अब तक इन दुकानो के लिए 8-9 बार टेंडर भी निकाला गया। लेकिन दोनो जगह सिर्फ आठ-आठ दुकान ही बिक पाए है। इन्ही खरीददारों को अगर कलेक्टर द्वारा पूर्व में अनुमति दी जाती तो तीस फीसदी छूट का लाभ मिल जाता। लेकिन सत्ता मे आई भाजपा की सरकार ने अप्रैल से रजिस्ट्री दर में तीस फीसदी छूट समाप्त कर दिया है।

## कलेक्टर की अनुमति के बाद निगम को मिला मालिकाना हक



### मिला मालिकाना हक, अब आरक्षण का पेंच

जानकारी अनुसार वर्ष 2018 से करोडों की लागत में बने दुकानों को बेचने की प्रक्रिया चल रही है। अफसरों के अनुसार इसे बिक्री करने में सबसे बडी परेशानी आरक्षण को लेकर आई है। विगत दिनों एमआईसी की बैठक में राज्य शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। जिसमें आरक्षण समाप्त करने की मांग की गई है। हांलाकि राज्य शासन द्वारा इस संबंध में कोई निर्णय जारी नही किए गए है। ऐसे में निगम को भले ही मालिकाना हक मिल गया, लेकिन दुकान बेचने के लिए चुनौती का सामना करना पडेगा।

### डेढ़ दर्जन खरीददार होंगे प्रभावित

निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने बताया कि, जलगृह कांम्पलेक्स और गंज चौक में दोनो जगह 8-8 दुकाने बेच दिए गए है। लेकिन निगम को नजूल की जमीन का मालिकाना हका नही मिलने से रजिस्ट्री रूकी हुई थी। लेकिन वर्तमान में निगम द्वारा नजूल जमीन के लिए राशि का भुगतान भी कर दिया गया है। ऐसे में खरीददारों को मालिकाना हक देने रजिस्ट्री कराई जाएगी। जिन्हें पूरा सौ फीसदी गाइडलाइन की दर देना होगा।

### निगम की बढ़ेगी आय, होगी रौनक

हांलाकि नगरनिगम के महापौर धीरज बाकलीवाल के लगातार प्रयास के बाद नजूल की जमीन का हस्तांतरण निगम को हो गया है। दोनो जगह बने दुकानों की अगर नीलामी हो गई थी। निगम को हर साल राजस्व में करोडों रूपए की आय होगी। राजस्व के साथ ही दोनो स्थानों पर व्यापारिक प्रतिष्ठान खुलने से रौनक बढेगी, वही प्रतिष्ठाने खुलने से आम लोगों को भी सहुलियत होगी।

### प्रक्रिया चल रही

जलगृह और गंज चौक की जमीन का निगम को हस्तांतरण हो चुका है। जल्द ही नीलामी के लिए प्रक्रिया तैयार की जाएगी। **-लोकेश चंद्राकर**, आयुक्त, ननि दुर्ग

# सफल क्रियान्वयन करना अधिकारियों की जिम्मेदारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ प्रदेश के महामहिम राज्यपाल रमेन डेका ने जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए सामुदायिक सहभागिता पर जोर देते हुए पर्यावरण संर्वधन के लिए सभी से एक पेड़ लगाने का आह्वान किया है। राज्यपाल श्री डेका आज लोक निर्माण विभाग के सभाकक्ष में आयोजित प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में उक्त आशय के विचार व्यक्त किया।

■ जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए सहभागिता जरूरी

राज्यपाल ने जिले में विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के अलावा सामाजिक हितों के लिए जिले में किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि सरकार की योजनाओं का सफल क्रियान्वयन अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा सुनिश्चित किया जाता है। कल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन से इसका लाभ जन-जन तक पहुंचता है। उन्होंने अधिकारियों को दायित्वों का निर्वहन कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और समर्पण की भावना से करने कहा। राज्यपाल श्री डेका ने अधिकारियों से एजेण्डावार 20 विषयों पर विचार-विमर्श किया।

### इन योजनाओं की कलेक्टर ने दी जानकारियां

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले में जल संरक्षण एवं जागरूकता, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण, जैविक खेती, स्वच्छता एवं जीवनशैली, बेहतर जीवन के लिए योग, टी.बी. उन्मूलन, लिंग अनुपात एवं बालिका शिक्षा, अनाथ बाल श्रम शिक्षा, एकीकृत पुस्तकालय, सामाजिक एवं नैतिक विकास, राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक विरासत, असहाय एवं परित्यक्त वरिष्ठ नागरिक, भिखारियों का पुनर्वास, एसएचजी आजीविका, नशा-मुक्ति एवं दुरुपयोग मुक्त नशा, सहकारिता संवर्धन, आदिवासी एवं वनवासी विकास, यातायात नियमों के प्रति जागरूकता एवं प्रवर्तन, रेड क्रॉस सोसायटी की उपलब्धियों के संबंध में पॉवर पांइट प्रेसेन्टेशन के माध्यम से महामहिम को अवगत कराया। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने राज्य सरकार द्वारा सामाजिक हितों पर किए जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी के साथ जिले की विकासात्मक गतिविधियों से भी अवगत कराया। बैठक में संभागायुक्त एसएन राठौर, पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, वनमंडलाधिकारी चंद्रशेखर परदेशी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

# 24 अगस्त के धरना प्रदर्शन में हजारों लोग होंगे शामिल : वोरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग की बैठक राजीव भवन में पूर्व विधायक अरुण वोरा, शहर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष गया पटेल मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष अलताफ अहमद कीउपस्थिति में हुई। बैठक में 24 अगस्त को 11 बजे हिंदी भवन के सामने होने वाले कांग्रेस के विशाल धरना प्रदर्शन के संबंध में चर्चा हुई।

■ मध्य ब्लॉक कांग्रेस की बैठक संपन्न

अरुण वोरा ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार काबिज है तब से प्रदेश की जनता के ऊपर कहर ढा रही है। विधायक देवेंद्र यादव को जिस तरह से षड्यंत्र रचकर झूठे केस लगाकर फंसाया गया है यह ही निंदनीय है और तानाशाही है हम इसका पुरजोर विरोध करेंगे। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार अपने मूल उद्देश्यों से भटकर विकास को भूल गई है आज किसान परेशान है युवा रोजगार मांग रहा है



रोजगार नहीं मिल रहा है महिलाओं को सुरक्षा नहीं मिल रही है महंगाई और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है और सरकार कुंभकरणीय नींद में सोई हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में होने वाले धरना प्रदर्शन में हजारों की संख्या में कांग्रेसी शामिल होकर भाजपा सरकार का विरोध करेंगे। बैठक में एमआईसी मेंबर पार्षद भोला महोबिया, नजहत परवीन, श्रद्धा सोनी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कन्या ढीमर, सरिता ताम्रकार, रानी देवांगन, पूर्व पार्षद अशोक कल्याण सिंह ठाकुर, अनीश रज़ा, पाशी अली, रामरतन जलतारे, गणेश सोनी, नवाब एजाज चौहान, डोमार सिंह राजपूत, वहीद चौहान, दिनेश बेलचंदन, थानेश्वर साहू, समयलाल साहू, अली असगर, रामरतन जलतारे, शत्रुघन चक्रधारी, जगमोहन ढीमर उपस्थित थे।

# अग्निवीर भर्ती हेतु निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु माह अप्रैल में आयोजित लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण प्रारम्भ हो गई है। उपसंचालक रोजगार राजकुमार कुर्रे से प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखण्ड दुर्ग में 43, पाटन-13, धमधा-8 आवेदक प्रशिक्षण के पहले दिन उपस्थित हुए। रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में एनआईएस कोच विनोद नायर, पीटीआई बालकदास डाहरे, पाटन में ललित साहू, भवानी शंकर तथा धमधा में दुष्यंत महोबिया, शिवकुमार रजक द्वारा युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने लिखित परीक्षा पास कर ली है वे प्रशिक्षण के लिए अपने विकासखण्ड मुख्यालय स्थान रविशंकर स्टेडियम दुर्ग कॉलेज मैदान सिरनाभाठा धमधा खेल मैदान रेस्ट हाउस के पीछे पाटन में प्रातः 06 बजे उपस्थित हो सकते है। इच्छुक अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा हेतु जारी प्रवेश पत्र, परिचय पत्र, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस की छायाप्रति तथा 1 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ प्रशिक्षक के पास जमा करना होगा।

# पश्चिम बंगाल की घटना पर जताया आक्रोश आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पश्चिम बंगाल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई विभत्स घटना से पूरा देश आहत है हर जगह विरोध प्रदर्शन और बलात्कारी हत्यारों को जल्द से जल्द कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए पूरा देश एकजुट होकर सरकार से गुहार लगा रहा है। इसी कड़ी में आरआरएस की सहयोगी संगठन दुर्ग जिला मुस्लिम राष्ट्रीय मंच छात्र एवं मदरसा के जिला अध्यक्ष खालिक रिजवी द्वारा राष्ट्रीय मुस्लिम मंच छात्र मदरसा के सदस्यों के साथ इंदिरा मार्केट में प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया। जिलाध्यक्ष खालिक रिजवी ने कहा कि बलात्कार के आरोपियों को किसी भी हालत में बक्शा नहीं जाना

■ ऐसे घृणित कार्य करने वाले को मिले कड़ी सजा



चाहिए और जल्द से जल्द कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए ताकि इस तरह के घृणित कार्य करने वालों को सबक मिले।

नारी के सम्मान के लिए जाना जाने वाला भारत देश जहां नारी को देवी का रूप माना जाता है ऐसे में इस तरह के घृणित कार्य करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के सदस्यों ने आक्रोश के साथ सरकार से गुहार लगाई कि जल्द से जल्द आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले और ट्रेनी डॉक्टर को इंसाफ मिले। विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन में खालिक जिलाध्यक्ष मुस्लिम राष्ट्रीय मंच, मीर अबरार, अरमान आलम, इमरान, इसराइल पवार, अंग्गू, साजिद खान, नौशाद कुरैशी, चीनी, नईम जफर, अलताफ खोखर, सोहेल, अनवर तबरेज खान खोखर, राजा, हसन पवार, सद्दाम चौहान, जावेद खोखर सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## शिक्षक संगठनों ने डीपीआई, मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव को सौंपा ज्ञापन

# युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में विसंगतियों को लेकर आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

स्कूल शिक्षा विभाग में वर्तमान में प्रक्रियाधीन युक्तियुक्तकरण के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देश को लेकर शिक्षक संगठन खुलकर सामने आ गए है। संगठनों ने विगत दिनों राज्य शासन को ज्ञापन देकर विभिन्न विसंगतियों की जानकारी दी है। बहरहाल युक्तियुक्तकरण को लेकर पनपे आक्रोश के कारण संगठनों ने 22 अगस्त को फिर से राज्य शासन के नाम ज्ञापन सौंपेगें।

■ आज फिर से राज्यशासन को सौंपेंगे ज्ञापन

शालेय शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ ने कहा है कि, निर्देशानुसार युक्तियुक्तकरण किए जाने की स्थिति में शिक्षा सत्र के मध्य में भारी अव्यवस्था व अनिश्चितता अवश्यंभावी है। शालेय शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने कहा कि यद्यपि हमारा संगठन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व शिक्षक विहीन शालाओं में शिक्षक उपलब्ध कराने की शासन की पहल का पक्षधर है। परन्तु वर्तमान में जारी युक्तियुक्तकरण दिशानिर्देश और प्रक्रिया पूरी तरह से राजपत्र भर्ती पदोन्नति नियम 2019 व 2008 सेटअप तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति व शिक्षा के अधिकार अधिनियम का खुला उल्लंघन है। अतः संदर्भित निर्देशानुसार प्रक्रियाधीन युक्तियुक्तकरण को अविलंब स्थगित किया जावे, निर्देशों व प्रकिया की समीक्षा की जावे तथा संबंधित पक्षों से बातचीत कर सर्वसम्मति से समाधान निकाला जावे। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने कहा कि, एकजुटता से परिस्थितियों का सामना करने, विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर मोर्चा निर्माण कर समाधान के समुचित प्रयास किए जा रहे हैं। जिसमें सभी शिक्षक, कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता प्रदान करने की अपील करते हैं।




### आज संगठन के नेता देगें ज्ञापन

युक्तियुक्तकरण को लेकर विभिन्न संगठनों ने 22 अगस्त को डीईओ व कलेक्टर को राज्य शासन के नाम ज्ञापन देगें। ज्ञापन में युक्तियुक्तकरण की विसंगति दूर करने की मांग करेगें। शालेय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि, ज्ञापन के बाद भी अगर गंभीरता नही दिखाई गई तो आगे चरणबध्द तरीके से आंदोलन किया जाएगा।

### इन समस्याओं को गिनाया

प्रांतीय महासचिव धर्मेश शर्मा द्वारा शालेय शिक्षक संघ की ओर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम से शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी तथा **DPI** संचालक दिव्या उमेश मिश्रा से मिलकर ज्ञापन के जरिये युक्तियुक्तकरण में व्याप्त विसंगतियों व समस्याओं तथा सुझाव को उनके संज्ञान में लाया गया। जिसमें भर्ती, पदोन्नति, स्थानांतरण व प्रतिनियुक्ति में पदस्थापना के लिए सेट-अप, विषय व पद रिक्तता का ध्यान नहीं रखा गया। यहां तक की शिक्षक पद के लिए विषय के बंधन को भी समाप्त कर दिया गया। पदस्थापनाओं में निरंकुशता के चलते पिछले दिनों तात्कालीन शिक्षा मंत्री पर भी उंगली उठी तथा शिक्षा मंत्री भी बदले गए। इसी क्रम में चार संभागीय संयुक्त संचालक व अनेक अधिकारी कर्मचारी निलंबित भी हुए थे। इसके आलावा अन्य बिन्दुओं की भी जानकारी दी गई।

# जमीन बिक्री धोखाधड़ी मामले में नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पोटियाकला स्थित जमीन बिक्री की धोखाधड़ी के एक मामले में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा नोटिस जारी किया गया है। पीड़ित पदम जैन आ0 ज्ञानमल जैन गवलीपारा दुर्ग द्वारा राकेश जैन आ0 नेमीचंद जैन, प्रीतिबाला जैन ध.प. राजकुमार जैन, रोहितराज मोदी आ0 राजकुमार मोदी विद्युत नगर दुर्ग एवं जगदलपुर निवासी से पोटियाकला स्थित भूमि का बयाना राशि देकर इकरारनामा निष्पादित किया गया था। बाद में गवाह रोहितराज मोदी द्वारा उसी जमीन का आम मुख्तयार राकेश जैन एवं प्रीतिबाला जैन से प्राप्त करते हुए पदम जैन को बिक्री न करते हुए अन्य 10 व्यक्तियों को छलपूर्वक बिक्री कर दिया गया। सिटी कोतवाली दुर्ग में धोखाधड़ी की एक लिखित शिकायत की गई। मामले में कार्यवाही नहीं किए जाने पर पुलिस अधीक्षक से शिकायत की गई।

■ पीड़ित ने कोर्ट में लगाई थी न्याय के लिए याचिका

उसके बाद भी प्रथम सूचना दर्ज नहीं होने पर दुर्ग न्यायालय में आवेदन पत्र प्रथम सूचना दर्ज करने के लिए प्रस्तुत किया गया। जिसे निरस्त करने के बाद पीड़ित अधिवक्ता नीरज चौबे के माध्यम से उच्च न्यायालय में रिट याचिका प्रस्तुत की गई। रिट याचिका स्वीकार करते हुए उक्त घोखाधड़ी के मामले में संबंधित पक्ष को नोटिस जारी किया गया है।

## खबर संक्षेप



### छत्तीसगढ़ी फिल्म जवानी जिंदाबाद 23 को होगी प्रदर्शित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी फिल्म जवानी जिंदाबाद 23 अगस्त को राजधानी के श्याम छबिगृह सहित प्रदेशभर के सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। युवाओं पर केन्द्रित इस फिल्म में रोमांस और कामेडी का तड़का दर्शकों को लुभायेगा। रायगढ़ और रायपुर में इस फिल्म की शूटिंग की गई है। 8 गानों से सजी फिल्म में प्रमुख कलाकार हैं, आकाश सोनी, लक्षित झांजी, ज्योत्सना ताम्रकार और सुमन पटनायक। निर्माता राधेश्याम चौधरी और निर्देशक गंगासागर पंडा की इस फिल्म में छालीवुड के मशहूर कलाकार पुष्पेंद्र सिंह, संजय महानंद, हर्षवर्धन पटनायक और पूरन किरी अनोखे किरदार में नजर आयेंगे। विलेन के रूप में लवनीत सिन्हा धूम मचाएंगे। फिल्म के निर्देशक गंगासागर पंडा ने पत्रकारों से चर्चा में बताया, इस बार हमने कॉमेडी जॉनर लिया है। यह फिल्म हंसी मजाक के साथ गहरा संदेश भी देगी। आजकल एजूकेशन पर यूथ का फोकस कम रहता है। कई तरह के एडिक्शन के कारण युवा भटक जाते हैं। वहीं, कुछ युवा ऐसे भी हैं, जिनके पास संसाधन नहीं होते, लेकिन उनका रुझान पढ़ाई में रहता है। हमारी फिल्म में दोनों तरह के युवाओं की साइकोलॉजी दिखाई गई है। विदित हो, इससे पहले गंगासागर ने वैदेही बनाई थी, जिसे खूब सराहा गया।

### एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण एवं सम्मान समारोह 24 को

**रायपुर।** एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण एवं सम्मान समारोह का आयोजन 24 अगस्त को किया जा रहा है। सिटीजन स्कूल बजरंगनगर आमापारा द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम कारी तालाब गार्डन आमापारा में सुबह 10 बजे से होगा। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर व सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शारदा अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में डीएसपी ललिता मेहर, एएसपी ममता देवांगन, जोन 7 कमिश्नर प्रीति सिंह सहित अन्य शामिल होंगे। कार्यक्रम में पूर्व भारतीय सैनिक एवं कारगिल योद्धा विजय डागा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### पुजारी पार्क से टैगोर नगर तक सड़क के दोनों ओर पौधारोपण

**रायपुर।** नगर निगम जोन 6 के शहीद पंकज विक्रम वार्ड स्थित पुजारी पार्क से टैगोर नगर मार्ग को हरा-भरा रखने बुधवार को सघन पौधारोपण किया गया। संभाग आयुक्त महादेव कावरे, नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे, जोन अध्यक्ष निशा-देवेन्द्र यादव ने स्कूली बच्चों के साथ मिलकर अलग-अलग प्रजाति के पौधों का रोपण किया। टैगोर नगर गुलाब बाबा मंदिर के दोनों तरफ और पुजारी पार्क से टैगोर नगर चौक पर्यावरण संरक्षण के लिए करीबन 12 से 15 फीट ऊंचाई वाले कचनार, नीम, बादाम के पौधों का रोपण करने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में संभाग आयुक्त महादेव कावरे उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम सभापति

# महिलाएं संतान की दीर्घायु व सुख समृद्धि की कामना के साथ रखेंगी हलषष्ठी व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

हलषष्ठी का पर्व शनिवार को मनाया जाएगा। पर्व की तैयारी में महिलाएं जुट गई हैं। वहीं इस पर्व में पूजा अर्चना के दौरान उपयोग की जाने वाले सामग्रियों की बिक्री बाजार में शुरू हो गई है। जानकारी के अनुसार बाजार में पसेर चावल याने बिना हल चलाये पैदा किए गए की बिक्री खूब हो रही है। इस चावल का उपयोग व्रत रखने वाली सुहागिन महिलाएं शाम के समय खत्म होने के बाद खीर बनाकर इसका सेवन करेंगी। पंडित नोहरलाल तिवारी के अनुसार सावन के बाद भाद्रपद माह की शुरुआत हो जाती है। भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को हलषष्ठी के नाम से जाना जाता है। शनिवार को हलषष्ठी पर्व को महिलाएं संतान की दीर्घायु और सुख समृद्धि की कामना के लिए व्रत रखती हैं। हलषष्ठी व्रत भगवान कृष्ण के बड़े भाई बलराम को समर्पित है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन भगवान बलराम का जन्म हुआ था। नववाहिताएं व्रत संतान सुख के लिए करती हैं।

**बलरामजी के अस्त्र के नाम पर पर्व:** हलषष्ठी को बलराम जयंती और ललही छठ के नाम से भी जाना जाता है। धर्म ग्रंथों के अनुसार बलराम का मुख्य शस्त्र हल और मूसल है, इसलिए उन्हें हलधर भी कहा जाता है। उन्हीं के नाम पर इस पावन पर्व का नाम हलषष्ठी पड़ा है। महिलाएं अपने बच्चों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए यह व्रत रखती हैं। मान्यता है कि इस व्रत को करने से संतान के सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। हलषष्ठी के दिन माताओं को महुआ की दातुन करने और महुआ खाने का विधान हैं।

## शनिवार को मनाया जाएगा पर्व, तैयारियां में जुटी



### तालाब बनाकर करेंगी पूजा

पंडित नोहरलाल तिवारी ने बताया कि हलषष्ठी के दिन महिलाएं एक गड्ढा बनाकर उसे गोबर से लीप कर तालाब का रूप देती हैं। इस तालाब में झरबेरी और पलाश की एक शाखा बांधकर उसमें गाड़ दिया जाता है। भगवान गणेश और माता पार्वती की पूजा कर छठ माता की पूजा की जाती है। पूजा के समय 7 तरह का अनाज चढ़ाया जाता है। इस व्रत में हल से जोत कर उगाए हुए अन्न को नहीं खाया जाता है। पूजा के बाद भैंस के दूध से बने मक्खन से हवन किया जाता है।।

## 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत जिला मुख्यालय में किया गया पौधारोपण

# पर्यावरण पार्क में कलेक्टर-एसपी के साथ जनप्रतिनिधियों ने लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत जिला मुख्यालय बालोद के पर्यावरण पार्क में आयोजित समारोह में जिले के विधायकों, वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ कलेक्टर, एसपी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने पौधा रोपण किया।

इस अवसर पर डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनिला भेड़िया, गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद, संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के विधायक संगीता सिन्हा, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नोजे, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि पवन साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, राकेश यादव, केसी पवार, जिला पंचायत सदस्य होरीलाल रावटे, कृतिका साहू एवं चन्द्रप्रभा सुधाकर, जनपद अध्यक्ष हेमलता साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पौधारोपण कर सघन वृक्षारोपण अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। उल्लेखनीय है कि 05 जून को आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पर्यावरण के संरक्षण सुनिश्चित करने हेतु 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान की शुरूआत की गई थी। इसी क्रम में गुरूवार को केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सुबह असोला भट्ठी, वाईल्ड लाईफ सेंचूरी, तुगलकाबाद नई दिल्ली में वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया। इसके तहत आज राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा जिला मुख्यालय बालोद के पर्यावरण पार्क में सघन वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया।



### भाजपा नेताओं ने की अभियान में सहयोग की अपील

पवन साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मानव जीवन एवं पर्यावरण की रक्षा के लिए 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत देशवासियों से पौधरोपण कर उनके सुरक्षा की उपाय सुनिश्चित करने की अपील की गई है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव ने जिला प्रशासन एवं वन विभाग की टीम को 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान के सफल कार्यक्रम मे समाज के सभी वर्गों के लोगों के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के महत्वपूर्ण कार्य में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। उप वनमण्डलाधिकारी डिम्पी बैस ने आभार व्यक्त किया।

### अधिक से अधिक पौधे लगाकर करें देखभाल : कुंवरसिंह

कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा पेड़ लगाने का पुनीत कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने वनों के अंधाधुंध कटाई एवं प्राकृतिक संसाधनों के विदोहन के फलस्वरूप उत्पन्न स्थिति पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने सभी लोगों से अधिक से अधिक पौधारोपण कर उसका समुचित देखभाल करने के भी अपील की। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा वनों की सुरक्षा एवं पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से हमारे आने वाले भविष्य के लिए इस महत्वपूर्ण अभियान का दूरगामी असर होगा। चन्द्रवाल ने बालोद जिले में सघन वृक्षारोपण अभियान चलाकर जिले को हरा-भरा एवं खुशहाल बनाए रखने में जिलेवासियों से सहयोग करने की अपील भी की।

# गायों की सुरक्षा व संवर्धन के लिए सरकार बनाए योजना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

जामड़ी पाटेश्वर आश्रम और मां कौशल्या धाम के संचालक व छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग के संरक्षक संतश्री राम बालक दास महात्यागी आज दो दिन के प्रवास पर दिल्ली पहुंचे। उन्होंने जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के चातुर्मास कार्यक्रम में सम्मिलित होकर उनसे विशेष चर्चा की। सफदरगंज दिल्ली में आयोजित गौ सेवक सम्मान कार्यक्रम में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि छत्तीसगढ़ में भी कुछ राज्यों की तरह गायों की स्थिति ठीक नहीं है। सड़कों पर गायों की मृत्यु दर बहुत बढ़ चुकी है। गौशाला संचालक समितियां अनुदान की कमी के कारण संकट में है। ऐसे समय पर छत्तीसगढ़ शासन को एक व्यापक गौ सेवा आयोग का गठन करना चाहिए। जिसमें छत्तीसगढ़ के गौसेवी संतों एवं गौशाला समिति संचालकों के विचारों को भी शामिल करना चाहिए। इसके लिए संतश्री राम बालक दास जी ने कहा कि 1997 से वे लगातार छत्तीसगढ़ में गौ रक्षा के लिए कार्य कर रहे हैं। जब केवल 20 गौशालाएं छत्तीसगढ़ में होती थीं। 15 वर्षों में 20 गौशाला से लगभग 150 गौशाला का निर्माण किया गया।

- दो दिन के दिल्ली प्रवास पर हैं संत राम ने शंकराचार्य से की मुलाकात

### छग में नहीं उठ रहे ठोस कदम

संत बालक दास ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन को 9 महीने हो चुके हैं। उसके पश्चात भी अभी तक गायों की सुरक्षा एवं संवर्धन के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इसको लेकर संतश्री ने चिंता व्यक्त की और दूरभाष पर मुख्यमंत्री से चर्चा करके कहा कि जल्द ही छत्तीसगढ़ में गौअभ्यारण्य एवं गौसेवा आयोग को प्रारंभ किया जाए।


# समय सारिणी नहीं बदलने की मांग प्राचार्य से मिले विद्यार्थी, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय स्थित घनश्याम सिंह गुप्त स्नाकोत्तर महाविद्यालय में विधि संकाय की समय सारिणी बदलने से छात्र-छात्राएं परेशान हैं। छात्रों ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर समय सारिणी में बदलाव नहीं करने की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार घनश्याम सिंह गुप्त स्नाकोत्तर महाविद्यालय में विधि संकाय एलएलएम प्रथम वर्ष प्रथम सेमेस्टर का समय सारणी बदल कर छात्र छात्राओं को सुबह 7:30 बजे बुलाने की बात संबंधित शिक्षक द्वारा कही गई, जबकि विधि संकाय एलएलएम के प्रथम सेमेस्टर की कक्षा 11 बजे लगती है। इसके कारण आस पास के जिले के लोग बस या अन्य निजी वाहनों के माध्यम से कॉलेज में पढ़ाई करने पहुँच जाते हैं, लेकिन समय सारणी में बदलाव करने से पढ़ाई करने वाले छात्र छात्राओं को कॉलेज पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। चूंकि अधिकांश लोग बाहर जिले से पढ़ाई करने आते हैं, इसलिए उन्हें पढ़ाई से वंचित होना पड़ सकता है। राहुल निषाद ने बताया कि वर्तमान में अलग-अलग संभाग के छात्र छात्राएं भी साथ में पढ़ते हैं और उन्हें आने-जाने में बहुत ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन अपनी कमियों को छुपाने के लिए छात्र छात्राओं पर दबाव बना रहा है और दबाव बनाकर सुबह 7:30 बजे कॉलेज लगाने आदेश थोप रही है।

देवेंद्र साहू ने बताया कि छात्र छात्राओं की समस्या से प्राचार्य को रूबरू कराया गया और समय सारणी में परिवर्तन नहीं करने की मांग की गई है। उन्हें बताया गया कि समय सारिणी में बदलाव करने से अन्य जिले से पढ़ाई करने आने वालों को बहुत ज्यादा समस्या होगी।



- घनश्याम सिंह गुप्त स्नाकोत्तर महाविद्यालय में विधि संकाय की समय सारिणी बदलने का किया विरोध

# भाजपा का सदस्यता अभियान 1 सितंबर से, बेहतर परिणाम के लिए हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय जुंगेरा में सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा पहुंचे। भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान की शुरुआत 1 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रथम सदस्य बनाने के साथ होगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा प्रथम सदस्य प्रधानमंत्री मोदी को बनाकर इस अभियान की शुरुआत करेंगे। जिला अध्यक्ष पवन साहू, सदस्यता अभियान के जिला संयोजक जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव ने तीनों विधानसभा से आए कार्यकर्ताओं को इस विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्घाटन भारत माता, दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखजऍ के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर शुरुआत की गई। प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को जनसंघ की स्थापना हुई, इनके संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी थे। भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है, जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध, एवं विकासशील देश बनाने प्रणरत है। नीलू शर्मा ने सदस्यता को लेकर कहा कि 6 वर्षों के लिए सदस्यता का काम करना है। सभी की सदस्यता शून्य हो चुकी है। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले फोन में मिस कॉल देकर पहले सदस्य बने थे। 2019 में इसी बीच करोना के चलते यह काम अधूरा रहा, अब हमें 10 वर्षों बाद यह सदस्यता अभियान को हम सब मिलकर एक महापर्व की तरह मनाएंगे। सभी सांसद, प्रदेश पदाधिकारी, सभी विधायक, जिला पदाधिकारी, जिला पंचायत प्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, पार्षद, सरपंच, सभी को एक टारगेट दिया जाएगा। साथ ही प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए भी सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस सदस्यता अभियान कार्यशाला में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्णकांत पवार, महामंत्री चेमन देशमुख, उपाध्यक्ष नरेश यदु, संध्या भारद्वाज, नरेश साहू, अमित चोपड़ा, कृतिका साहू, कमल पनपालिया, आदित्य पिपरे, दुर्गानंद साहू, दुर्जन साहू, विनोद जैन, देवघर साहू, सुरेश निर्मलकर, कौशल साहू, दुष्यंत सोनवानी, प्रणेश जैन, टिनेश्वर बघेल, संतोष कौशिक, मेहतर नेताम, मीना साहू, ललिता साहू के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

- जुंगेरा में आयोजित कार्यशाला में पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को दिए टिप्स



### महापर्व के रूप में मनाना है सदस्यता अभियान

कार्यक्रम के जिला संयोजक राकेश छोटू यादव ने कहा कि सदस्यता अभियान एक महापर्व के रूप में मनाना है। हर मंडल हर बूथ में अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर महतारी वंदन से लेकर सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है, सभी को इस अभियान में शामिल करना है। उन्होंने कहा कि 2024 में संविधान में संशोधन करके प्रस्ताव लिया गया है, ऑनलाइन चालू किया गया है। 18 वर्ष से ऊपर का व्यक्ति ही सदस्यता ले सकता है। भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा को बता कर ही सदस्य बनना है, हर घर सदस्य बनाना है। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री देशमुख व आभार प्रदर्शन पार्षद व अभियान के सदस्य कमलेश सोनी ने किया।

### हर बूथ में कम से कम 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य

विरोधियों को मतदाता, मतदाता को सदस्य, सदस्य को सक्रिय सदस्य बनाना है। महतारी वंदन की बहनों को सदस्य बनाना है। सबसे पहले कमजोर बूथों पर जाकर काम करना है, वहां ध्यान देकर सदस्य बनाना है। 2014 में 22 लाख सदस्य बनाए थे। 2019 में 9 लाख 40 हजार बने थे, अभी वर्तमान में 31 लाख 40 हजार सदस्य हैं। हमें इसे दुगुना लक्ष्य लेकर सदस्य बनाना है। प्रदेश से जिले में और फिर सभी मंडलों से लेकर बूथ तक यह अभियान चलेगा। हर बूथ में 200 सदस्य बनाना है, जिस बूथ में जो भी कार्यकर्ता वह चाहे प्रदेश पदाधिकारी हो या जिला पदाधिकारी हो सभी को इस अभियान में काम करना है। जिला अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि इस अभियान में तन मन लगाकर इसे पूरा करना है। अच्छे मन से अच्छे भाव के साथ लोगों के पास जाकर यह काम करना है। उन्होंने बताया कि आगामी 26, 27 और 28 अगस्त को मंडलों में बैठक होगी। फिर हर शक्ति केंद्र में और हर बूथ स्तर तक बैठक होगी।

## पेज 9 के शेष

### सड़क पर बैठे मवेशियों से ...

की सुबह 5 बजे घर से जगदलपुर जाने के लिए निकला था। लगभग 5 बजकर 24 मिनट पर वह बोरगहन फुंडा के पास सड़क पर झुंड लगाकर बैठे आवारा मवेशी से टकराकर सामने से आ रही भूसा गाड़ी की चपेट में आ गया। इससे युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इधर गांव वालों ने तत्काल 108 बुलाकर युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुण्डरदेही पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के बैग व पर्स की जांच के दौरान प्राप्त कागजात से उक्त युवक की पहचान जिज्ञांसु चंद्राकर ओटेबंद के रुप में की। उसके बाद पुलिस ने उनके परिजनों को तुरंत घटना की जानकारी दी।

### धान के पौधों को मिलेगी ...

से संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा, गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने स्वयं दोनों प्रमुख जलाशयों के गेट खोलकर किसानों को सिंचाई के लिए पानी छोड़ा। संगीता सिन्हा ने बताया कि किसानों द्वारा सिंचाई के लिए पानी की मांग की जा रही थी और खंड वर्षा होने के कारण विधानसभा में लगभग किसानों के डिमांड मेरे पास आए थे। मैंने तत्काल कलेक्टर व विभाग के अधिकारी को अवगत कराया था। उसके बाद जिला कार्यालय में बैठक के बाद किसानों के लिए पानी छोड़ा गया है।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने ली बीएसपी प्रबंधन की बैठक

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बीएसपी प्रबंधन से संबंधित मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के संबंध में 21 अगस्त को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में बीएसपी प्रबंधन की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने बीएसपी के श्रमिकों, प्रभावित किसानों सहित दल्लीराजहरा नगर से संबंधित विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु समुचित कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

### खिलाड़ियों को बेहतर माहौल व जरूरी सुविधाएं कराएं उपलब्ध



**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में खेल एवं युवा कल्याण विभाग की बैठक लेकर विभाग द्वारा संचालित योजना एवं गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने जिले के खिलाड़ियों को बेहतर माहौल एवं जरूरी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी खेल अधिकारी प्राची ठाकुर ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं गतिविधियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बैठक में उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र खेल अभ्यास योजना अंतर्गत जिले के प्रत्येक विकासखण्डों के 3 स्कूलों का चिहांकन कर खेल अभ्यास प्रारंभ करने सहित विभिन्न गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी।

### राजेश ने 8 वीं बार किया रक्तदान



**गुरूर।** ग्राम ठेकवाडीह निवासी राजेश साहू ने 8 वीं बार रक्तदान किया। रक्तदान के बाद उन्होंने बताया कि इसके पहले भी जरूरतमंदों को जिला अस्पताल में जाकर रक्तदान किया है। राजेश साहू बताते हैं कि रक्तदान करने से किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आती, बल्कि शरीर पहले से अपेक्षा स्वस्थ लगता है, रक्तदान करना किसी पीड़ित के लिए अपने आप में गौरव की बात है।

### मेडिकल फैक्ट्री में लगी आग, मशक्कत के बाद काबू

**भिलाई।** कॉट्रेल हेल्थ केयर फैक्ट्री में अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई। मौके पर 10 दमकल पहुचने के बाद ही मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि कॉट्रेल हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। सूचना मिलने पर अलग-अलग जगहों से 10-12 फायर दमकल वाहन कुम्हारी पहुची।

#### डौंडीलोहारा नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 10, 11, 12 व 13 की शासकीय भूमि का किया निरीक्षण

# पट्टा व पीएम आवास की मांग पर अपर कलेक्टर व एसडीएम ने लगाई चौपाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

पट्टा व प्रधानमंत्री आवास की मांग पर नागरिक हित को ध्यान में रखते हुए पीड़ित नगरवासियों के आग्रह, नगर पंचायत प्रतिनिधियों की मांग व लाल निवेन्द के प्रयास पर अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने अपने अधीनस्थ राजस्व अधिकारियों के साथ नगर पंचायत डौंडीलोहारा के वार्ड क्रमांक 10, 11, 12 व 13 की शासकीय भूमि का निरीक्षण किया।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष गोपी साहू ने जिला और तहसील प्रशासन एवं सभी जनप्रतिनिधियों का आभार जताते हुए कहा कि लोगों को न्याय मिले व नागरिक हित निर्णय हो और लोगों को पट्टा प्रदाय किया जाए एवं उनका प्रधानमंत्री आवास जल्द से जल्द बन जाए। इसी मामले को लेकर अपर कलेक्टर चंद्रकात कौशिक ने लोहारा पहुंचकर झिटी डोंगरी का निरीक्षण किया। इससे नगर के पीड़ित हितग्राहियों की वर्षों पुरानी मांग मालिकाना हक में पट्टा और प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिल सके इसके लिए स्थल का निरीक्षण करते हुए समस्या का समाधान करने का निर्देश अपने आला अधिकारियों को दिए जिसमें एसडीएम शिवनाथ बघेल अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार गोविंद सिंन्हा, नायब तहसीलदार, मालेकर पटवारी व विश्वजीत कोटवार मौके पर उपस्थित रहे।

जनप्रतिनिधियों में अध्यक्ष लोकेश्वरी गोपी साहू, विद्या शर्मा उपाध्यक्ष, भाजपा नेता निखिल शर्मा, हरीश बर्मन, झुमुक कोसमा, पार्षद दशोदा भुआर्य, विकास सोनी, पीड़ित नगरवासियों में सैकड़ों लोग कब्जा स्थल पर उपस्थित रहे। अपर कलेक्टर ने नागरिक हित में निर्णय लेने की बात कही।



## कलेक्टर ने पशुधन व मछली पालन विभाग के कार्यों की समीक्षा की

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में पशुधन विकास विभाग और मछली पालन विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विभागवार प्राप्त लक्ष्यों की जानकारी ली तथा विभागीय लक्ष्य को समय पर प्राप्त करने तथा कार्यों के निर्वहन में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में पशुधन विकास विभाग के अनुपस्थित चिकित्सकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। पशुधन विकास विभाग के अधिकारी ने बताया कि जिले में 18 पशु चिकित्सालय, 41 पशु औषधालय, 01 चल विरूजालय और 01 पशु चिकित्सा इकाई संचालित हैं। इस वर्ष विभाग द्वारा कुल 452 निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पशु उपचार, औषधि प्रदाय, बधियाकरण, शल्य क्रिया, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, रोग परीक्षण, गोबर नमूना जाँच आदि किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि विभाग अंतर्गत बैकयार्ड कुक्कुट पालन, बकरा वितरण, उन्नत मादा वत्सपालन, सांड वितरण संबंधी लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर चन्द्रवाल ने मछली पालन विभाग के अंतर्गत मत्स्य पालन क्षेत्रों सहित विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में 96 पंजीकृत मछुआ सहकारी समिति हैं, जिनमें 5477 सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि जिले में शिक्षण–प्रशिक्षण योजना के तहत मछली पालन के संबंध में मत्स्य पालकों को आगामी माह में प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।



## अनुविभाग मुख्यालय में नियमित रूप से हो अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति

■ कांग्रेस नेताओं ने मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

स्थानीय तहसील कार्यालय में अनुविभाग अधिकारी के नियमित रूप से बैठने की मांग करते हुए प्रदेश सचिव आदिवासी कांग्रेस ने विकासखंड के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग को लेकर ज्ञापन अनुभागीय अधिकरी डोंडी को राजहरा पहुंचकर सौंपा। साथ ही ज्ञापन की प्रतिलिपि राजस्व मंत्री लखन लाल देवांगन व बालोद कलेक्टर को भी दी गई है।

ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले दो साल से डौंडी विकासखंड को अनुविभाग का दर्जा प्राप्त हुआ है, जिसका मुख्यालय डौंडी नगर है। किंतु अनुविभाग मुख्यालय में अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति नहीं होने के कारण क्षेत्र के किसान, कर्मचारी और आम जनता को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आवश्यक अन्य कार्यों को छोड़कर मजबूरन दल्लीराजहरा जाना पड़ता है। अधिकारी को अतिशीघ्र डौंडी मुख्यालय में पूरे सेटअप अनुसार बैठाने की मांग की गई है। इसके साथ ही सेटअप के तहत अधिकारी-कर्मचारी नहीं बैठने की स्थिति में आदिवासी कांग्रेस द्वारा उग्र आंदोलन किए जाने संबंधी चेतावनी दी गई है। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान भोलाराम नेताम उपाध्यक्ष किसान कांग्रेस, राजेश चुरेन्द्र जनपद सदस्य, खिलेन्द भुआर्य प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस, रेवा रावटे, मुकेश तिवारी, समीर धुर्वा, किशोर कृष्णान जनपद सदस्य, जय नंदा केशव भैषारा, दुष्यंत भुआर्या, रिखिराम पिड्डा, दुलार चिंदा, दुर्गा प्रसाद, राजकुमार साहू, आशीष कुमार, बिरेंद, भागवत दास, दीपक, परमेश्वर, भक्तुराम सहित कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रदेश के सभी शासकीय संस्थाओं में भी लगाएं स्मार्ट मीटर : पारख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



शिवसेना बालोद जिलाध्यक्ष विजय पारख ने प्रदेश के शासकीय कार्यालयों, भवनों, विद्यालयों, शराब दुकानों पर स्मार्ट विद्युत मीटर लगाये जाने की मांग करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल को ज्ञापन सौंपा।

विजय पारख ने बताया कि छत्तीसगढ़ में बिजली कंपनियों द्वारा आम उपभोक्ताओं के घरों पर स्मार्ट मीटर लगाये जाने की तैयारी की जा रही है। इसके तहत बालोद जिले में लगभग पौने दो लाख से अधिक आम उपभोक्ता के घरों पर स्मार्ट मीटर लगेंगे। इस पर जिलाध्यक्ष विजय पारख ने मुख्यमंत्री का ध्यानाकर्षित कराते हुए कहा कि सबसे पहले राज्य के समस्त शासकीय प्रशासनिक संस्थानों, नगरीय निकायों, उद्योग कारखानों में स्मार्ट मीटर लगाये जाने चाहिए, चूंकि इन संस्थानों में अधिकांशतः बिजली कंपनियों के करोड़ों रुपये सालों से बकाया रहते हैं, जिससे कहीं ना कहीं बिजली कंपनियों के साथ राज्य सरकार और सबसे ज्यादा आम जनता प्रभावित होती है, कहीं ना कहीं बिजली बिल का भार आम जनता पर पड़ता है। पारख ने कहा कि अगर यही स्मार्ट मीटर छत्तीसगढ़ की सरकार सबसे पहले अपने संस्थानों पर लगवाती है, तो बिजली कंपनियों द्वारा आम जनता को सुविधा अधिक मिलेगी। जनता को सस्ती बिजली भी मिल सकती है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिलाध्यक्ष पारख के साथ डॉ. संजीव कुमार भी थे।

## अधूरे कार्यों को 30 सितंबर तक करें पूर्ण : डॉ. कन्नौजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में महात्मा गांधी नरेगा योजना की समीक्षा बैठक ली। डॉ. कन्नौजे ने वित्तीय वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 तक के समस्त अपूर्ण कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए प्राथमिकता के साथ 30 सितम्बर 2024 तक पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही जनपद सीईओ व कार्यक्रम अधिकारी को अपूर्ण कार्यों का फील्ड विजिट करते हुए समय–सीमा में कार्य पूर्ण कराने को कहा।

डॉ कन्नौजे ने कृषि एवं प्राकृतिक प्रबंधन संबंधी कार्यों में निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप व्यय किये जाने, आदर्श अमृत सरोवर निर्माण में वृक्षारोपण, सामुदायिक शौचालय, पाथवे, बेंच, सोलर लाईट. घाट इत्यादि निर्माण कर सौंदर्यीकरण एवं आजीविका संबंधी विभिन्न घटकों को कराने एवं खेल मैदान की स्वीकृति के संबंध में चर्चा की। सीईओ ने सामाजिक अंकेक्षण अंतर्गत निकासी बैठक में पारित निर्णयों पर समय–सीमा में आवश्यक कार्यवाही करते हुए शत–प्रतिशत वसूली किये जाने हेतु जनपद सीईओ को निर्देशित किया। कार्यस्थल का निरीक्षण करते हुए निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध प्रतिमाह शत–प्रतिशत जानकारी एरिया ऑफिसर मॉनिटरिंग ऐप के माध्यम से अपलोड किये जाने हेतु कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने जिले में स्वीकृत आंगनबाड़ी भवन, नवीन पंचायत भवन, सेग्रीग्रेशन शेड एवं वृक्षारोपण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी जनपद सीईओ, एसडीओ आरईएस एवं कार्यक्रम अधिकारी को फील्ड विजिट करते हुए गुणवत्तापूर्ण के साथ समयावधि में पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए।

### कारण बताओ नोटिस

उन्होंने सेग्रीग्रेशन शेड में अपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से 15 दिवस के भीतर पूर्ण कराने हेतु जनपद सीईओ को निर्देशित किया। इसके साथ ही संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी करने निर्देश दिए गए। उन्होंने समीक्षा बैठक में अनुपस्थित होने के कारण उपसंचालक कृषि, वरिष्ठ वैज्ञानिक केवीके एवं अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग डौण्डीलोहारा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान लाईन डिपार्टमेंट के विभाग प्रमुख, उपसंचालक पंचायत, एपीओ मनरेगा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग एवं कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित थे।

#### महुआ व भैंस के दूध- दही की बढ़ी मांग

## हलषष्ठी पर्व मनाया जाएगा कल त्योहार के लिए सज गया बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



सुहागिन माताओं का पर्व हलषष्ठी 24 अगस्त को मनाया जाएगा। जिसके लिए तैयारी शुरू हो गई है। इस दिन के लिए उपयोग में आने वाली समस्त सामाग्री बाजार में उपलब्ध हो गई है। सबसे जरूरी चीज महुआ व खम्हार के पत्ते से बने दोना व पत्तल होता है। इस हेतु नगर की राजापारा निवासी लता बाई सेन ने कमरछठ की तैयारी के लिए दोना पत्तल बनना शुरू कर दिया हैं। लताबाई सेन ने बताया कि भादो के कृष्ण पक्ष की छठी तिथि को हलषष्ठी पर्व मनाया जाता है, इसे कमरछठ के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि इस दिन बलराम का जन्म हुआ था और उसके दो दिन बाद जन्माष्टमी को कृष्ण का जन्म हुआ था। बलराम को शस्त्र के रूप में हल मिला था इसलिए इसे हलषष्ठी भी कहा जाता है, इस दिन संतान की प्राप्ति और सुख-समृद्धि के लिए महिलाएं व्रत रखती हैं। नवविवाहित स्त्रियां भी संतान प्राप्ति के लिए यह व्रत रखती हैं। इस दिन हल की पूजा करने और महुआ की दातुन करने की परंपरा है।

### पसहर चावल व 6 प्रकार की भाजी खाने का बड़ा महत्व

कमरछठ के दिन महिलाएं व्रत उपवास रखकर, विधि विधान से पूजा पाठ कर बिना हल के उपजे पसहर चावल खाती हैं। पसहर चावल पोखर व खाली जगह में उगती होती है। इस दिन व्रती महिलाएं भैंस के दूध, दही, घी का भोग लगाकर उपयोग करती है। इस दिन व्रती महिलाएं हल चली ज़मीन पर भी पैर नहीं रखतीं। हल से जोता गया कुछ भी नहीं खातीं। इस दिन बिना जूते हल के उगे 6 प्रकार के भाजी खाने का बड़ा ही महत्व है।

#### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक

## जलाशयों से किसानों को जरुरत के अनुसार सिंचाई के लिए दें पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर एवं जिला जल उपयोगिता समिति के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विधायक गुण्डरदेही कुंवर सिंह निषाद, विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा सहित अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता पीयूष देवांगन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता सुक्रांत साहू, कृषि विभाग के सहायक संचालक एसएन ताम्रकार सहित अन्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को जिले के जलाशयों से किसानों को आवश्यकतानुसार सिंचाई हेतु पानी प्रदान करने के निर्देश दिए। बैठक में जिले में स्थित तांदुला, खरखरा, गोंदली एवं मटियामोती जलाशयों के अलावा जिले के लघु जलाशयों में उपलब्ध जल भराव की स्थिति की समीक्षा की गई। इसके अलावा जलाशयों से किसानों के मांग के अनुसार खरीफ सीजन में सिंचाई हेतु उपलब्ध कराए गए पानी के संबंध में भी जानकारी ली गई। बैठक में कलेक्टर ने धान फसल के लिए पानी की अत्यधिक खपत को देखते हुए ढाई से तीन माह के अंतराल में उत्पादित होने वाले उड़द, मूंग, मक्का इत्यादि फसल पैदा करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिए। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिए।

### फसल चक्र के लिए करें प्रोत्साहित

विधायक कुंवर सिंह निषाद ने जिले के किसानों को फसल चक्र परिवर्तन के लिए प्रोत्साहित करने को कहा। बैठक में संजारी बालोद की विधायक संगीता सिन्हा ने भी आवश्यक सुझाव देते हुए जलाशयों आदि के मरम्मत करते समय इसकी सूचना किसानों एवं जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से देने को कहा।

### 5 आरोपी और तीन अपचारी बालक पकड़ाए

**भिलाई।** पुरानी रंजिश के चलते युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना दुर्ग कतोवाली थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने आपरोपियों के खिलाफ धारा 103, 190, 191(2), 191(3) बीएनएस 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। कोतवाली टीआई विजय यादव ने बताया कि 18 अगस्त को पुलिस को सूचना पर ललित जैन के घर के चौखट पास शिक्षक नगर दुर्ग में सत्तू मरकाम उर्फ सत्यवीर एवं अन्य के द्वारा एक राय होकर आकाश शर्मा पर प्राणघातक हमला किया।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

#### श्रीरामलला दर्शन के लिए 77 श्रद्धालुओं का दल अयोध्याधाम के लिए हुआ रवाना

## बरसों पुराना सपना राज्य सरकार कर रही पूरा: श्रद्धालुगण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद







भगवान श्रीरामलला के दर्शन के लिए अयोध्याधाम जाना हम सभी का सौभाग्य है। बरसों पुराना हमारा यह सपना आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पूरा कर रहे हैं। 77 श्रद्धालुओं का दल श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान किया है। श्रीरामलला दर्शन के लिए अयोध्या के लिए प्रस्थान करने के पूर्व श्रद्धालुओं ने कहा कि इस योजना के तहत हम श्रद्धालुओं को भगवान राम की पावन नगरी अयोध्या जाने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार को हृदय से धन्यवाद भी ज्ञापित किया। उल्लेखनीय है कि जिले के ग्राम झलमला स्थित समाज कल्याण विभाग के कार्यालय परिसर से जिले के 77 श्रद्धालुओं का दल आज श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान किया।

### जिपं सीईओ ने बस से कराया प्रस्थान

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने आज सुबह समाज कल्याण विभाग कार्यालय परिसर से श्रद्धालुओं को बस के माध्यम से दुर्ग रेलवे स्टेशन के लिए रवाना कर सुखद यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। दुर्ग से वे योजना के तहत संचालित रेल के माध्यम से अयोध्या हेतु प्रस्थान करेंगे। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अजय गेडाम उपस्थित थे।

